दिन– मंगलवार दिनांक– 18 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत सत्रहवीं किस्त की राशि जारी करेंगे। नौ करोड़ से अधिक किसानों के खाते में बीस हजार करोड रुपये से अधिक की राशि होगी अंतरित।

02. प्रधानमंत्री कल बिहार के एक दिवसीय दौरे पर। राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का करेंगे उद्घाटन।

03. राज्य सरकार सात निश्चय योजना के तहत पांच लाख सत्रह हजार युवाओं को एक साल के अन्दर सरकारी नौकरी देगी।

04. और, प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने पटना, गया और बक्सर समेत सत्रह जिलों में आज भी लू की चेतावनी जारी की।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत सत्रहवीं किस्त की राशि जारी करेंगे। श्री मोदी नौ करोड छब्बीस लाख किसानों के बैंक खाते में बीस हजार करोड रुपये से अधिक की राशि अंतरित करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में देशभर के किसान जुड़ेंगे।

–––बाईट–––

हमारे संवाददाता ने बताया कि योजना के तहत पिछले दस वर्षों के दौरान ग्यारह करोड़ किसानों के बैंक खातों में तीन लाख करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद के अधिकारियों की आज से नालंदा में दो दिवसीय बैठक शुरू हो रही है। सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविन्द पनगढिया की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के अधिकारी तथा आर्थिक विशेषज्ञ शामिल होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान राज्यों के बीच कर हस्तांतरण और राजस्व वृद्धि के उपायों पर मुख्य रूप से चर्चा होगी।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल एक दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। श्री मोदी राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित करेंगे और पौधारोपण करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि विश्वविद्यालय परिसर पर्यावरण अनुकूल तकनीक के आधार पर तैयार किया गया है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर के उद्घाटन समारोह में सत्रह देशों के मिशन प्रमुखों सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल होंगी। परिसर में चालीस कक्षाओं वाले दो शैक्षणिक ब्लॉक हैं, जिसमें उन्नीस सौ लोगों के बैठने की क्षमता है। इसमें तीन सौ सीटों की क्षमता वाले दो सभागार भी हैं। विश्वविद्यालय का परिसर एक नेट जीरो ग्रीन कैम्पस है। यहां सौर ऊर्जा संयंत्र, जल शोधन संयंत्र और अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग के लिए पुनर्चक्रण संयंत्र समेत कई अन्य पर्यावरण अनुकूल सुविधाएं उपलब्ध है। इस विश्वविद्यालय की परिकल्पना भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के देशों के बीच एक संयुक्त सहयोग के रूप में की गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए नालंदा से निरंजन कुमार।

इधर, प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुये तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्री मोदी विश्वविद्यालय परिसर के उद्घाटन से पूर्व प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेषों का अवलोकन करेंगे। पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद देश के किसी प्रधानमंत्री का यह नालंदा का दूसरा दौरा होगा।

---

राज्य सरकार सात निश्चय योजना के दूसरे चरण के तहत पांच लाख सत्रह हजार युवाओं को एक साल के अन्दर सरकारी नौकरी देगी। साथ ही ग्यारह लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को इस संबंध में दिशा–निर्देश दिये। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि तय लक्ष्य के अन्तर्गत अब तक दो लाख ग्यारह हजार नई नियुक्तियों के लिए अधियाचना विभिन्न आयोगों को भेजी जा चुकी है। वहीं, अगले एक महीने के अन्दर दो लाख चौंतीस हजार रिक्तियों की अधियाचना विभिन्न आयोगों को भेजी जायेगी। सात निश्चय योजना के दूसरे चरण के तहत राज्य में पांच लाख सोलह हजार नियुक्तियां की जा चुकी हैं। साथ ही पांच लाख सत्रह हजार रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष दो हजार पच्चीस तक सरकार ने बारह लाख से अधिक नौकरी देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वहीं, सात निश्चय योजना के अन्तर्गत बाईस लाख से अधिक रोजगार सृजित किये जा चुके हैं और आने वाले एक वर्ष में ग्यारह लाख से अधिक रोजगार के और अवसर सृजित किये जायेंगे।

---

राज्य सरकार नियुक्ति परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक सहित अन्य अनियमितताओं को रोकने के लिए जल्द ही नया कानून लायेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया है। कानून का प्रस्ताव आगामी विधानसभा सत्र में लाया जायेगा। कानून का उद्‌देश्य नियुक्ति के लिए आयोजित परीक्षाओं में पूरी पारदर्शिता बनाये रखना है।

---

कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली लोकसभा सीट से सांसद बने रहेंगे। वे केरल की वायनाड सीट छोड़ देंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नई दिल्ली में पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वायनाड सीट से प्रियंका गांधी चुनाव लडेंगी। श्री खरगे ने कहा कि पार्टी ने यह फैसला किया है कि श्री राहुल गांधी को रायबरेली की सीट रखनी चाहिए, क्योंकि इस सीट से उनके परिवार का पुराना नाता रहा है।

---

प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। अधिकांश स्थानों का अधिकतम तापमान चालीस से पैंतालीस डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। यहां का अधिकतम तापमान छियालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सत्रह जिलों में लू की चेतावनी जारी की गयी है। इनमें से पटना, जहानाबाद, गया, औरंगाबाद, अरवल, रोहतास, कैमूर, भोजपुर और बक्सर जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, सीवान, सारण, वैशाली, शेखपुरा, बेगूसराय, समस्तीपुर, नवादा और नालंदा जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। इसके बाद अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

———बाईट———

इधर, भीषण गर्मी और लू के चलते आम जन जीवन प्रभावित हुआ है। दोपहर में सड़कों पर चहल पहल काफी कम हो गयी है। अस्पतालों में लू प्रभावित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आपदा प्रबंधन विभाग ने भीषण गर्मी और लू से बचने को लेकर कई दिशा–निर्देश जारी किये हैं।

———बाईट———

———————————————————

इधर, भीषण गर्मी को देखते हुए पटना, नवादा, बेगूसराय और खगड़िया जिले में स्कूलों में छुट्टी दो दिन और बढ़ा दी गई है। इन दोनों जिलों में आज और कल आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूल बंद रहेंगे। वहीं, शेखपुरा जिला प्रशासन ने आज विद्यालयों को बंद रखने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान शिक्षक और शिक्षेकतर कर्मियों को कार्यालय संबंधी कार्य के लिए स्कूल आना होगा।

———————————————————

दो वर्षीय बीएड और शिक्षा शास्त्री पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा पच्चीस जून को आयोजित की जायेगी। परीक्षा पूर्वाह्न ग्यारह बजे से शुरू होकर अपराह्न एक बजे तक चलेगी। नोडल विश्वविद्यालय ने परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। इधर, यूजीसी–नेट की परीक्षा का आज आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा का आयोजन ऑफलाईन मोड में किया जा रहा है।

———————————————————

आज पूर्व मुख्यमंत्री बिहार विभूति डॉक्टर अनुग्रह नारायण सिंह की जयंती है। इस अवसर पर बिहार विधानमंडल परिसर स्थित उनके प्रतिमा स्थल पर राजकीय समारोह आयोजन किया जायेगा। इस समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। इधर, आज ही पटना स्थित अनुग्रह नारायण महाविद्यालय अपना अड़सठवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————

बिहार राज्य कबड्डी संघ प्रो–कबड्डी लीग की तर्ज पर पुरूषों के लिए बिहार कबड्डी लीग का आयोजन करेगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष कुमार विजय सिंह ने बताया कि लीग में छह टीमें भाग लेंगी।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पश्चिम बंगाल में रेल दुर्घटना से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बंगाल में पटरी पर पसरी मौत। न्यूजलपाईगुड़ी में मालगाड़ी ने कंचनजंघा एक्सप्रेस को पीछे से मारी टक्कर, दस की मौत। प्रभात खबर की बड़ी खबर है– बिहार में एक साल में पांच लाख से अधिक लोगों को सरकारी

नौकरी और ग्यारह लाख को रोजगार। सीएम का अधिकारियों को मिशन मोड में काम करने का निर्देश। दैनिक जागरण ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– प्रदेश में लू और भीषण गर्मी से इक्कीस लोगों की गयी जान। दैनिक भास्कर लिखता है– बजट में आयकर छूट दे सकती है केन्द्र सरकार। एक अन्य खबर में अखबार लिखता है– अब चलती ट्रेन में ऑनबोर्ड एफआईआर की सुविधा। यात्रियों को नहीं करना पड़ेगा महीनों इंतजार। आज अखबार की प्रमुख खबर है– पीएम छब्बीस जून को स्पीकर के नाम का रखेंगे प्रस्ताव। राष्ट्रीय सहारा ने एनसीईआरटी प्रमुख के हवाले से लिखा है– भारत और इंडिया पर बहस बेकार की बात। पाठ्य पुस्तकों में संविधान के अनुसार दोनों ही नामों का होगा उपयोग।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत सत्रहवीं किस्त की राशि जारी करेंगे। नौ करोड़ से अधिक किसानों के खाते में बीस हजार करोड रुपये से अधिक की राशि होगी अंतरित।
02. प्रधानमंत्री कल बिहार के एक दिवसीय दौरे पर। राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का करेंगे उद्‌घाटन।
03. राज्य सरकार सात निश्चय योजना के तहत पांच लाख सत्रह हजार युवाओं को एक साल के अन्दर सरकारी नौकरी देगी।
04. और, प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने पटना, गया और बक्सर समेत सत्रह जिलों में आज भी लू की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।